प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय अर्न्त छात्रावास कबड्डी (पुरूष) प्रतियोगिता 2023–24

पन्तनगर। 11 मई, 2024। सत्र 2023–24 की विश्वविद्यालय अर्न्त छात्रावास कबड्डी (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 10 मई 2024 तक विश्वविद्यालय के स्टीवेन्सन स्टेडियम में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में कुल 6 छात्रावासों की टीमों ने प्रतिभाग किया। सेमीफाइनल में शिवालिक भवन ने नेहरू भवन को एवं पटेल भवन ने चित्तरंजन भवन प्रथम को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता का फाइनल 10 मई, 2024 को पटेल भवन एवं शिवालिक भवन के मध्य खेला गया। पटेल भवन ने शिवालिक भवन को 41–28 से पराजित कर उक्त प्रतियोगिता जीती। पटेल भवन के श्री भावेश सिंह बानी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घ ोषित किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा अपने आर्शीवचनों से उनका मनोबल बढ़ाया। इस प्रतियोगिता का आयोजन डा. जी.एस. बोहरा, कबड्डी के स्टाफ काउन्सलर डा. एस.के. मौर्या एवं शारीरिक शिक्षा अनुभाग के कर्मचारियों ने सफलतापूर्वक किया।

3. विजित प्रतिभागियों के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार